**Regarding need to confer Bharat Ratna upon Shaheed Mangal Pandey and take other measures in honour of the great revolutionary-Laid**

श्री सनातन पांडेय **(**बलिया**) :**सबसे पहले मैं भारत के उन वीर सपूतों के चरणों में अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ जिन्होंने देश को आजादी दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी । यह उनके बलिदान का ही परिणाम है कि आज पक्ष और विपक्ष सदन में बैठकर देश की प्रगति के लिए चर्चा करता है । अपने महापुरुषों को सम्मान देने की भारत की परंपरा रही है । इसी क्रम में भारत के 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री मंगल पाण्डेय जी, जो कि ग्राम-नगमा, जनपद- बलिया, उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे जो अंग्रेजों की गोली से शहीद हुए । भारत के स्वतंत्रता संग्राम के लिए सैनिक विद्रोह करके अंग्रेजों के खिलाफ़ बिगुल फूंकने वाले स्वतंत्रता सेनानी महान क्रांतिकारी मंगल पाण्डेय आज तक जिस सम्मान के हकदार थे उन्हें वह सम्मान आजादी के 78 वर्ष पूरे होने पर भी नहीं मिला है ।

मैं सरकार से निम्नलिखित मांग करता हूँ:-

1. प्रथम स्वतंत्रता सेनानी मंगल पाण्डेय जी को भारत रत्न दिया जाए ।

2. उनके पैतृक ग्राम-नगमा, जनपद-बलिया को पर्यटन स्थल घोषित किया जाए ।

3. बलिया से देश के विभिन्न शहरों के लिए मंगल पाण्डेय जी के नाम से रेलगाड़ियां चलाई जाए ।

4. बलिया रेलवे स्टेशन पर भी एक आदमकद प्रतिमा के साथ स्मारक बनाया जाए एवं उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में किए गए योगदान को उस पर अंकित किया जाए ।